# OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR

**Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)**

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

E-mail: hegtdcano@mp.gov.in ☎9893076404


## One Day e-Seminar on World Environment Day2021


# शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर

जिला अनूपपुर (म.प्र.)

## विश्व पर्यावरण दिवस

एक दिवसीय राष्ट्रीय ई-सेमिनार

## पर्यावरण संरक्षण समय की आवश्यकता



### अनूपपुर का परिचय

मध्य प्रदेश का यह अनूपपुर जिला राज्य के दक्षिण पूर्वी भाग में स्थित है। इसका गठन 15 अगस्त, 2003 को शहडोल जिले से अलग करके किया गया था। आदिकाल से इस जिले का अपना एक महत्व रहा है। विंध्य और मैकल पर्वत श्रेणियों की उत्कृष्टता में लिप्त, शानदार अमरकंटक मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में सबसे प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों में से एक है। यह रमणीक स्थल, दो प्रसिद्ध नदियों, माँ नर्मदा एवं सोन की उत्पत्ति के रूप में जाना जाता है, जो अमरकंटक के बारे में कई कहानियों को बयां करता हैं। यह स्थान पवित्र नदियों के उद्गम स्थलों, तालाबों, ऊंची-ऊंची जल धाराओ, पर्वत श्रृंखलाओं, वन संपदा एवं वन्यजीवों और घने जंगलों के साथ अपने आगंतुकों का मनोरंजन करने के लिए आतुर है, जो इस अद्भुत अनूपपुर जिले का एक भूभाग है।

### महाविद्यालय का परिचय

अनूपपुर जिले के जिला मुख्यालय पर तुलसी महाविद्यालय की स्थापना प्रथमतः अशासकीय महाविद्यालय के रूप में विंध्य क्षेत्र के यशस्वी जन नेता स्व.पं. श्री शम्भूनाथ शुक्ल की प्रेरणा एवं पूजनीय संत सिरोमणि श्री रामसुभग दास महाराज (फट्टी बाबा) के अथक प्रयास, सहयोग तथा मार्गदर्शन से 25 जुलाई 1972 को हुई थी। 01 अगस्त सन 1986 में महाविद्यालय के शासनाधीन होने के फलस्वरूप यहाँ स्नातक स्तर पर कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के समस्त विषयों का तथा स्नातकोत्तर में हिन्दी, इतिहास, समाज शास्त्र, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, वाणिज्य,रसायन शास्त्र एवं वनस्पति शास्त्र का अध्यापन होता है। प्रारम्भ से ही यह महाविद्यालय अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा से संबद्ध है। महाविद्यालय परिसर लगभग 13 एकड़ भूमि का है, जिसमे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सभी आधारभूत सुविधाएँ जैसे पुस्तकालय, वाचनालय, जनजातीय विभाग से छात्राओं हेतु एक सर्वसुविधा युक्त आदिवासी कन्या छात्रावास, सुसज्जित प्रयोगशालाएँ, क्रीड़ा मैदान, खेल सामग्री, बागवानी, तुलसी औषधीय उद्यान इत्यादि पूर्ण विकसित रूप में उपलब्ध है। यहाँ महाविद्यालयीन शिक्षा में मानवीय मूल्यों के सृजन, आत्मसम्मान, स्वावलंबन के गुणों के विकास के अवसर उपलब्ध हैं। प्रतियोगिता परीक्षाओं एवं रोजगार परामर्श के अवसर उपलब्ध हैं। इस सारस्वत संकल्प में विद्यार्थी, अविभावक एवं शिक्षक शामिल हैं। वास्तव में महाविद्यालयीन छात्रों को पल्लवित-पुष्पित कर उन्हें सुयोग्य, कर्मठ, चरित्रवान तथा निष्ठावान बनाने का यह प्रमुख केंद्र है।

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

**OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR**
**Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)**
Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

E-mail: hegtdcano@mp.gov.in ☎9893076404



**OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR**

**Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)**

Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

E-mail: hegtdcano@mp.gov.in 9893076404





PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR
Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)
Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

E-mail: hegtdcano@mp.gov.in 9893076404

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार

## शीर्षक - 'पर्यावरण संरक्षण समय की आवश्यकता'

**दिनांक 05 जून 2021**

## प्रतिवेदन

अनूपपुर जिले के अग्रणी शासकीय तुलसी महाविद्यालय द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण नियोजन समन्वय संगठन, भोपाल के निर्देशन पर ईको क्लब एवं जैव विविधता समिति शासकीय तलसी महविद्यालय अनूपपुर(म. प्र.) द्वारा **'पर्यावरण संरक्षण समय की आवश्यकता'** विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार **का** आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित देश के ख्यातिलब्ध खगोलशास्त्री डॉ. अमिताभ पाण्डेय ने "बढ़ता उपभोक्तावाद पर्यावरण के लिए सबसे बड़ी चुनौती" विषय पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय संकट से निपटने के लिए वैश्विक नेताओं को गम्भीर और ईमानदार प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता के रूप में वक्तव्य दे रहे प्रसिद्ध गांधीवादी चिंतक एवं सामाजिक कार्यकर्ता संतोष द्विवेदी ने नैतिक आयामों पर बल दिया। बतौर विशिष्ट वक्ता वेबिनार में उपस्थित पर्यावरणीय चिंतक अरुणिमा सिंह ने प्रकृति के समक्ष उत्पन्न हो रही चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के संरक्षक एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परमानन्द तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रकृति मानव समाज का पोषण करती है इसलिए मनुष्यों को भी प्रकृति का संरक्षण करना चाहिए।

वेबिनार में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक, शोधार्थी एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक ज्ञान प्रकाश पाण्डेय एवं सहसंयोजक अजयराज सिंह राठौर रहे , संचालन डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय ने किया।

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

**OFFICE, PRINCIPAL GOVERNMENT TULSI COLLEGE, ANUPPUR**
**Affiliated to Awadhesh Pratap Singh University Rewa (MP)**
Registered Under Section 2 (F) & 12 (B) of UGC Act

**E-mail: hegtdcano@mp.gov.in** ☎9893076404

## निर्देशन

पर्यावरण नियोजन समन्वय संगठन, भोपाल

## आयोजन

ईको क्लब एवं जैव विविधता समिति शासकीय तुलसी महविद्यालय अनूपपुर(म. प्र.)

## आयोजन समिति

**संयोजक** - ज्ञान प्रकाश पाण्डेय

**सहसंयोजक** - अजयराज राठौर

**आयोजन सचिव** - डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय

**सदस्य :-**

- डॉ. जे. के. संत, सहायक प्राध्यापक, राजनीति शास्त्र, शा. तुलसी महावि., अनूपपुर(म. प्र.)
- शहबाज खान, सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य, शा. तुलसी महावि., अनूपपुर (म. प्र.)
- कमलेश चावले, सहायक प्राध्यापक, राजनीति शास्त्र, शा. तुलसी महावि., अनूपपुर (म. प्र.)
- विनोद कुमार कोल, सहायक प्राध्यापक, समाज शास्त्र, शा. तुलसी महावि., अनूपपुर(म. प्र.)
- डॉ. तरन्नुम सरवत, सहायक प्राध्यापक, समाज शास्त्र, शा. तुलसी महावि., अनूपपुर(म. प्र.)
- कृष्ण चंद्र सोनी सहायक प्राध्यापक, हिंदी, शा. तुलसी महावि., अनूपपुर(म. प्र.)

## सलाहकार समिति

- डॉ. रमेश सिंह वाटे, प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय जैतहरी, जिला अनूपपुर (म. प्र.)
- डॉ. डी. पी. शार्मे, प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय पुष्पराजगढ़, जिला अनूपपुर(म. प्र.)
- डॉ. आर. के. सोनी, प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय व्यंकट नगर, जिला अनूपपुर(म. प्र.)
- डॉ. माया पारस, प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय राजनगर, जिला अनूपपुर(म. प्र.)

## पंजीयन लिंक

https://forms.gle/kZTQ3WM6YYquiWES

**संयोजक**
**ज्ञान प्रकाश पाण्डेय**

PRINCIPAL
Govt. Tulsi College Anuppur
Distt. Anuppur (M.P.)

**प्राचार्य**
**डॉ. परमानन्द तिवारी**